**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2747**
**उत्तर देने की तारीख 10 जुलाई, 2019**

**अकार्यशील मोबाइल टॉवर**

2747. **श्री एस॰ वेंकटेशनः**

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) भू-स्वामियों को बकाया राशि का भुगतान नहीं किए जाने के कारण अकार्यशील पड़े बीएसएनएल के मोबाइल टॉवरों की संख्या कितनी है; और

(ख) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है?

**उत्तर**
**संचार, विधि और न्याय, तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**
**(श्री रविशंकर प्रसाद)**

(क) और (ख): भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने सूचित किया है कि इसके 258 मोबाइल टावर भू-स्वामी के बकायों का भुगतान न किए जाने के कारण बंद पड़े हैं। बीएसएनएल ने यह भी सूचित किया है कि भवन स्वामियों से बात की जा रही है और यथा-समय उनको भुगतान कर दिया जाएगा।

******